समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# ‘रामायण’ का ट्रेलर रिलीज : रणबीर कपूर बने मर्यादा पुरुषोत्तम राम, साई पल्लवी की सीता और यश के रावण ने जीता दिल

Sanket Morankar
Published on 30 Jul 2026



निर्देशक **नितेश तिवारी** की बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘**रामायण**’ का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर में **रणबीर कपूर** भगवान श्रीराम, **साई पल्लवी** माता सीता और **यश** रावण के प्रभावशाली अवतार में नजर आ रहे हैं। रिलीज होते ही ट्रेलर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है।

ट्रेलर की शुरुआत रावण के दमदार परिचय से होती है। यश का रावण पहले कभी न देखे गए अंदाज में प्रस्तुत किया गया है, जिसने दर्शकों का खास ध्यान आकर्षित किया है। वहीं रणबीर कपूर का शांत, संयमित और मर्यादित श्रीराम का रूप तथा साई पल्लवी की दिव्य और सौम्य सीता दर्शकों को पौराणिक कथा से जोड़ने में सफल दिखाई देते हैं।

फिल्म में **लारा दत्ता** कैकेयी, **रकुल प्रीत सिंह** शूर्पणखा और **विवेक ओबेरॉय** विद्युतजिह्वा की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं भारतीय टेलीविजन के लोकप्रिय राम **अरुण गोविल** इस फिल्म में राजा दशरथ की भूमिका में नजर आएंगे। ट्रेलर में **सनी देओल**, जो हनुमान की भूमिका निभा रहे हैं, उनकी झलक नहीं दिखाई गई है।

फिल्म अपने भव्य **VFX और CGI** के कारण भी चर्चा में है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से रामायण की कहानी को नए अंदाज में वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

निर्माता **नमित मल्होत्रा** के अनुसार, फिल्म के दोनों भागों का संयुक्त बजट लगभग **₹4,000 करोड़** है, जिससे यह भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में शामिल हो गई है। उन्होंने कहा कि इस महाकाव्य को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर निर्माण किया गया है।

फिल्म के संगीत की जिम्मेदारी **ए.आर. रहमान** और ऑस्कर विजेता **हैसं ज़िमर** ने मिलकर संभाली है। दोनों दिग्गज संगीतकार पहली बार किसी प्रोजेक्ट पर साथ काम कर रहे हैं।

‘**रामायण**’ दो भागों में रिलीज होगी। पहला भाग **दिवाली 2026** पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगा, जबकि दूसरा भाग **दिवाली 2027** में दर्शकों के सामने आएगा। फिल्म में रणबीर कपूर, साई पल्लवी, यश, सनी देओल और रवि दुबे समेत कई प्रमुख कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.